# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 41** **जुलाई-सितंबर 2024**

**<u>प्रधान संरक्षक</u>**

**श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल**

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**<u>संरक्षक</u>**

**श्री श्रेयस के.एम.**

**संयुक्त आयुक्त, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

**<u>संकल्पना और संपादन</u>**

**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**

**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

---

## बधाई

नगर राजभाषा कर्यान्वयन समिति (कार्यालय-2), बेंगलूरु के तत्वावधान में दिनांक 15.06.2024 को प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु द्वारा आयोजित अंतर कार्यालयीन हिंदी की "तस्वीर पर कहानी लेखन" प्रतियोगिता में इस कार्यालय के निम्नलिखित अधिकारियों ने भाग लिया और पुरस्कार जीता।



द्वितीय पुरस्कार

श्री प्रमोद कुमार,
हवलदार,
केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय



सांत्वना पुरस्कार-II

श्री सोमेश कुमार सिंह,
हवलदार,
केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय

केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल में कार्यरत समस्त अधिकारियों की ओर आप दोनों को ढेर सारी शुभकामनाएं



# हिंदी दिवस 2024

## केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में आयोजित राजभाषा सम्मेलन एवं हिंदी दिवस/पखवाड़ा समापन समारोह पर एक रिपोर्ट

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसरण में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के कनार्टक में स्थित सभी आयुक्तालयों के लिए दिनांक 03.10.2024 के अपराह्न 03:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया । तदुपरांत 04:30 बजे से 05:30 बजे तक हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह संयुक्त रूप से मनाया गया था । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल की मुख्य आयुक्त श्रीमती आरती अग्रवाल श्रीनिवास एवं विशेष अतिथि डॉ.सुनील तरुण् द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु की श्रीमती पद्मश्री बाबु के प्रार्थना गीता के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । केंद्रीय कर, बेंगलूरु दक्षिण आयुक्तालय के आयुक्त श्री संतोष कुमार मोहंती ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । तदुपरांत माननीय गृह मंत्री महोदय का संदेश पठन - श्री सुधेन्दु मुकेश, सहायक आयुक्त, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु द्वारा किया गया । राजभाषा सम्मेलन के हिस्से की रूप में सुप्रसिद्ध कवि डॉ. सुनील तरुण ने अपना विशेष अतिथि भाषण में हिंदी और क्षेत्रीय भाषाएं बहुत ही समृद्ध भाषाएं हैं, और अपनी भाषा का प्रयोग में अभिव्यक्ति ठीक-ठीक कर सकते हैं ।










आगे, हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के विशेष अंग के रूप में पहले विभागीय अधिकारियों ने कविता पाठ किया, जो कार्यक्रम का मुख्य बिंदु रहा। तत्पश्चात, केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय की वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्रीमती पद्मश्री बाबु ने राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत किया । तदुपरांत केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की प्रधान मुख्य आयुक्त श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल की मुख्य आयुक्त श्रीमती आरती अग्रवाल श्रीनिवास एवं विशेष अतिथि डॉ. सुनील तरण के करकमलों से बृंदावन पत्रिका का 33वें अंक का विमोचन किया गया तथा सभी विजेताओं उनके द्वारा रोलिंग शील्ड का वितरण किया गया। तत्पश्चात् केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क के आयुक्तगण के करकमलों द्वारा हिंदी प्रतियोगिओं के विजेताओं को प्रमाण पत्रों से नवाज़ा गया ।


आगे, सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल की मुख्य आयुक्त श्रीमती आरती अग्रवाल श्रीनिवास जी ने अपने भाषण में राजभाषा उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए सभी अधिकारियों को अपने दैनंदिन कार्यालयीन कार्य में अत्यधिक प्रयोग के लिए सभी प्रकार के प्रयास करने बताईं तथा उन्होंने अपने विभागीय प्रतिभा पर गर्व महसूस की हैं, रिपोर्ट पठन से बेंगलूरु अंचल में काफी कार्य हिंदी में हुआ है और उन्होंने कंठस्थ 2.0 अनुवाद टूल का प्रयोग करने हेतु अनुदेश दिया । फिर, अध्यक्षीय भाषण में केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल जी ने उपस्थित दर्शकगण को पखवाड़े समारोह पर आशीर्वाद देते हुए और बधाई देते हुए कहें कि हिंदी हमारे मन की भाषा है, आपनी भावनाओं को नियंत्रण करने के लिए हिंदी में काम करना है, उन्होंने निराला जी के पंक्तियों अंदकार है जहॉ आदित्य नहीं ..... को याद किया। हिंदी को राजभाषा के रूप में प्रतिपादित किया गया। आगे उन्होंने अपने दैनिक कार्यकलाप के साथ साथ प्रचार-प्रसार में भी हिंदी को अपनाना चाहिए। सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उन्होंने हम लोग केवल अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपनी संस्कृति को अपनाते हिंदी में कार्य करने की प्रतिज्ञा तथा राजभाषा हिंदी को अपनाने हेतु कहा।


श्री साबील, सहायक आयुक्त, केंद्रीय कर, दक्षिण आयुक्तालय के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ । मंच का संचालन केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री वाई.सुब्रह्मण्यम द्वारा किया गया ।





# हिंदी कार्यशाला

दिनांक 23.08.2024 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत कार्यकारी सहायकों एवं कर सहायकों के संवर्ग के अधिकारियों के लिए सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा एक ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । पूर्वाहन के दोनों सत्र में एच.ए.एल., बेंगलूरु के सेवानिवृत्त उप महा प्रबंधक (राजभाषा) डॉ.शंकर प्रसाद ने " *हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट को तैयार करना* " विषय पर व्याख्यान दिया । तथा अपराहन के दोनों सत्र में डी.आर.डी.ओ., बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी डॉ.जी.आर.चौधरी ने " *हिंदी टिप्पण एवं आलेखन* " पर प्रकाश डाला।







इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।
**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**